मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-28
13/01/2021

रूपेश कुमार सिंह के हत्यारों की अविलम्ब गिरफ्तारी हो :– मुख्यमंत्री

पटना, 13 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज स्वयं पुलिस महानिदेशक से इंडिगो के स्टेशन मैनेजर रूपेश कुमार सिंह की हत्या से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस हत्याकाण्ड के उद्भेदन के लिये एस0आई0टी0 गठित कर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि इस हत्याकाण्ड के अपराधियों की अविलम्ब गिरफ्तारी सुनिश्चित करें और स्पीडी ट्रायल कराकर दोषियों को जल्द से जल्द कठोर सजा दिलायी जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसी तरह के अपराध की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ पूरी सख्ती से पेश आये।

मुख्यमंत्री इस हत्याकाण्ड को लेकर काफी गंभीर हैं और मामले का स्वयं लगातार अनुश्रवण कर रहे हैं।

******